SSLC EXAMINATION, MARCH - 2019

HINDI

Third Language

Time : 1½ Hours | Total Score : 40

सामान्य निर्देश :

- पहला **पंद्रह** मिनट कूल ऑफ़ टाईम है।
- इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।

Score

सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 1 और 2 का उत्तर लिखें।

> उन्हें बीरबहूटियों से मिलना होता था। सो वे स्कूल के लिए घर से कुछ समय पहले निकल आते थे। कस्बे से सटे इन खेतों में बीरबहूटियाँ खोजा करते थे। सुर्ख, मुलायम, गदबदी बीरबहूटियाँ। धरती पर चलती-फिरती खून की प्यारी-प्यारी बूँदें।

1. कौन-सा विशेषण बीरबहूटी का नहीं है? 1

   (क) मुलायम (ख) गदबदी (ग) बैंगनी (घ) सुर्ख

2. बीरबहूटियों से मिलने की उत्सुकता से बेला और साहिल निकले। उनके बीच क्या-क्या बातें हुई होंगी? इस **बातचीत** को आगे बढ़ाएँ। (*बातचीत में पाँच विनिमय हों*) 4

   बेला : देखो साहिल, कितनी बीरबहूटियाँ हैं!

   साहिल : ....

सूचना : 'जैसलमेर' यात्रा वृत्त का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 3 और 4 का उत्तर लिखें।

> सोनार किला एक मज़ेदार जगह है। किला होने के बावजूद इसके भीतर बड़ी संख्या में परिवार रहते हैं। इन परिवारों के लिए आनेवाले पर्यटक ही उनकी रोज़ी-रोटी हैं। किले के अंदर एक लाइन से दुकानें सजी हैं। इनमें सजावटी सामानों से लेकर खूबसूरत कपड़ों तक सब मिलता है।

3. वाक्य पूर्ति के लिए कौन-सा रूप सही है? 1

   किले में एक आदमी ________।

   (क) रहते हैं (ख) रहता है (ग) रहती है (घ) रहती हैं

Score

4. सोनार किले के अंदर के मज़ेदार अनुभवों का ज़िक्र करते हुए मिहिर अपने मित्र के नाम पत्र लिखता है। मिहिर का संभावित **पत्र** लिखें। *(पत्र का कलेवर 70 शब्दों का हो)* 4

सूचना : 'अकाल और उसके बाद' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें, 5 से 7 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

> कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास
> कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास
> कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त
> कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त।

5. कौन-सा प्रस्ताव सही है? 1
   - (क) कुतिया बच्चे-बच्ची के पास सो रही है।
   - (ख) कुतिया पेड़-पौधों के पास सो रही है।
   - (ग) कुतिया माँ-बाप के पास सो रही है।
   - (घ) कुतिया चूल्हे-चक्की के पास सो रही है।

6. चूल्हा और चक्की क्यों बहुत दुखी हैं? 1

7. 'पानी नहीं तो खाना नहीं' - जल संरक्षण का संदेश देते हुए **पोस्टर** बनाएँ। 4

अथवा

जीवों की आधारभूत आवश्यकता है जल। जल संरक्षण के महत्व पर **लघु-लेख** लिखें। *(लेख 80 शब्दों का हो)*

सूचना : 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 8 और 9 का उत्तर लिखें।

> अंत में माँ जब उसे लेने आई तो दर्शकों ने देर तक खड़े होकर तालियाँ बजाईं। कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ़ की। चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आख़िरी बार...

8. वाक्य विस्तार करके पिरामिड की पूर्ति करें। 2



Score

9. दर्शकों ने देर तक खड़े होकर तालियाँ बजाई और चार्ली की तारीफ़ की। इसपर माँ बहुत खुश हुई। माँ की उस दिन की **डायरी** लिखें। (*डायरी 80 शब्दों की हो*) 4

सूचना : 'गुठली तो पराई है' कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 10 और 11 का उत्तर लिखें।

वह ताऊजी के पास जाकर बोली, "देखिए भइया मेरा नाम कार्ड में छपवाना भूल गया?" ताऊजी बोले, "भूला नहीं है रे... अपने घर की छोरियों के नाम कार्ड पर नहीं छपते।" गुठली, "पर ताऊजी उसमें भइया के छोटे-से बेटे का भी नाम है जो अभी बोल भी नहीं सकता तो मेरा...।"

10. गुठली का नाम कार्ड पर नहीं था। कारण क्या था? 1
    (क) केवल परिवार के बड़ों का नाम कार्ड पर छपते थे।
    (ख) कार्ड में गुठली का नाम छपने की जगह नहीं थी।
    (ग) घर की छोरियों के नाम कार्ड पर नहीं छपते थे।
    (घ) अपना नाम छपना गुठली को पसंद नहीं था।

11. '**उसमें**' में निहित सर्वनाम कौन-सा है? 1
    (क) वह (ख) ये (ग) वे (घ) यह

12. प्रस्तुत प्रसंग पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें। 4

अथवा

गुठली की **चरित्रगत विशेषताओं पर टिप्पणी** लिखें।

सूचना : 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें, 13 से 15 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

गंगी प्रतिदिन शाम पानी भर लिया करती थी। कुआँ दूर था, बार-बार जाना मुश्किल था। कल वह पानी लाई, तो उसमें बू बिलकुल न थी, आज पानी में बदबू कैसी! लोटा नाक से लगाया, तो सचमुच बदबू थी। ज़रूर कोई जानवर कुएँ में गिरकर मर गया होगा, मगर दूसरा पानी आवे कहाँ से?

13. **सही** प्रस्ताव चुनकर लिखें। 1
    (क) लोटे में गंदा जल भरा था।
    (ख) लोटे में साफ जल भरा था।
    (ग) लोटे में मीठा जल भरा था।
    (घ) लोटे में गरम जल भरा था।

14. 'मगर दूसरा पानी आवे कहाँ से?' यहाँ जोखू की किस हालत की ओर संकेत है? 2

Score

15. मान लें, 'कोई जानवर गाँव के कुएँ में गिरकर मर गया है' -गाँववालों के लिए यह बड़ी मुसीबत की बात है। इसपर समाचार पत्र के लिए एक **रपट** लिखें। *(रपट 80 शब्दों की हो)* 4

सूचना : यह कहानी पढ़ें, प्रश्न 16 और 17 का उत्तर लिखें।

सोना को अपना बचपन बहुत ही अच्छा लगता था। एक बार सोना अपनी सहेली के साथ स्कूल जा रही थी। रास्ते में बहुत सारे लोग खड़े थे। सोना अपनी सहेली से बोली "चलो देखें, क्या बात है?" सहेली बोली, "नहीं, हमें देर हो जाएगी।" "अभी तो बहुत समय है। चलो हम देखकर चलेंगे" सोना ने कहा। वहाँ एक भालू नाच रहा था। वे दोनों नाच देखकर खड़ी रहीं। उन्हें स्कूल के लिए देर हो गई।

16. सोना और सहेली क्या देखकर सड़क के किनारे खड़ी रहीं? 1

17. आशय समझें और **सही** मिलान करें। 4

सोना को अपना बचपन	• स्कूल जाती है।
सोना सहेली के साथ	• लोग इकट्ठे हुए थे।
भालू की नाच देखने के लिए	• वे स्कूल देर से पहुँचीं।
भालू की नाच देखने के कारण	• बहुत पसंद था।

-oOo-